eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक दिनांक

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में प्रकाशित समाचार शिर्षक 6 माह में Over Head Tank से रिसने लगा पानी के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी " **अमर उजाला** " में दिनांक– 30.08.2026 को प्रकाशित शीर्षक " **6 माह में Over Head Tank से रिसने लगा पानी** " के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेषक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण),चन्दौली।

## समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों का विवरण एवं अद्यतन आख्या

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला"दिनांक–30.08.2026 | "छह महीने में ओवरहेड टैंक से रिसने लगा पानी" | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड शहाबगंज में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स आयन एक्सचेंन्ज इंण्डिया लिमिटेड द्वारा बेन पेयजल योजना (सम्मिलित राजस्व ग्राम बेन) के प्रस्तावित कार्यो 01 नग शिरोपरि जलाशय (100के0एल0 / 12मी0) का कार्य 90 प्रतिशत निर्माण कार्य कराया जा चुका है। शिरोपरि जलाशय की टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है। शिरोपरि जलाशय में कार्य प्रगति पर है। जू0इं0 द्वारा योजना का स्थलीय निरीक्षण कर अवगत कराया गया। शिरोपरि जलाशय में किसी भी प्रकार की कोई रिसाव (लिकेज) की समस्या नही है। योजना के पम्प से सीधे जलापूर्ति की जा रही है। वितरण प्रणाली 11360 मी0 के सापेक्ष 11250 मी0,गृह जल संयोजन 486 नग के सापेक्ष 358 नग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सडक चौडीकरण के दौरान बिछायी गयी पाइप कुछ जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गयी थी जिसे पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। शिरोपरि जलाशय की टेस्टिंग और Commissioning एवं अवशेष कार्यो को अतिशिघ्र पूर्ण कर समस्त गृह संयोजनों में पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी। | – |

अधिशासी अभियन्ता



)55543
3.311873
9.98±2.5 m
) m
2026 15:26
e - ben block shabganj
Poweredby

…बेन मालदह पुल का धसा एप्रोच मार्ग। संवाद

10-8-26-अमर उजाला

# छह महीने में ओवरहेड टैंक से रिसने लगा पानी

इलिया। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं लेकिन योजना परवान नहीं चढ़ पा रही। शहाबगंज ब्लॉक के बेन गांव में 20 लाख रुपये से बने ओवरहेड टैंक से छह महीने में ही पानी का रिसाव होने लगा है। इससे जहां जलापूर्ति बाधित हो रही है, वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



नवनिर्मित ओवरहेड टैंक। संवाद

गांव के सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, मनोज, संतोष, राजकुमार, सुग्रीव कुमार ने बताया कि टंकी से पानी रिसने की शिकायत कई बार की गई लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं आया। ग्रामीणों ने कहा कि टंकी की गुणवत्ता की जांच जरूरी है। यदि समय रहते रिसाव की समस्या दूर नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, बेन-धरौली मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान मेन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद से कई घरों में पानी की आपूर्ति बंद है। ओवरहेड टैंक बनाने वाली ऑयन कंपनी के डीसी चक्रवर्ती का कहना है कि टंकी में रिसाव होने की जानकारी है। जल्दी ही टंकी की मरम्मत कराई जाएगी। संवाद

---

वहीं, इस संबंध में अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार का कहना है कि मालदह पुल के एप्रोच मार्ग पर गड्ढा बना है या सड़क धंसी है, इसकी जानकारी लेकर मरम्मत कराई जाएगी।

## चार किमी दूर मिला